पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

लोकमत सम्मान-2015 में राज्यपाल ने सम्मानित किया

लखनऊः 10 जून, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज संत गाडगे प्रेक्षागृह में लोकमत समाचार पत्र के पांचवे स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित 'लोकमत सम्मान-2015' में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ईमानदारी, सच्चाई और विश्वसनीयता पत्रकारिता के बुनियादी गुण और प्राण है। लोकतंत्र में मीडिया एक शक्तिशाली माध्यम है। उन्होंने कहा कि लोगों के सामने सच्चाई लाना पत्रकारिता का धर्म है।

श्री नाईक ने कहा कि देश की आजादी में पत्रकारिता ने अग्रणी भूमिका निभायी थी। लोकमान्य बालगंगाधर तिलक ने 'केसरी' का संपादन किया तथा बाबूराव विष्णु पराडकर ने 'आज' का संपादन कर पत्रकारिता जगत में अपना एक विशिष्ट स्थान बनाया। उन्होंने कहा कि संविधान के खाका को चलाने तथा जनतंत्र की सुरक्षा में पत्रकारिता का चौथे खम्भें के रूप में महत्वपूर्ण योगदान है।

राज्यपाल ने लोकमत सम्मान-2015 में हस्तशिल्प क्षेत्र से मोहम्मद बिलाल, क्रीडा के क्षेत्र से श्री एस0बी0 सिंह, विकलांग वर्ग से श्री सूर्य प्रताप शर्मा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य से डॉ0 संदीप तिवारी, लोक साहित्य के लिये श्रीमती विद्या बिन्दु सिंह, जैविक उत्पादन के लिये आर्गैनिक इण्डिया के श्री रजनीश, उन्नत खेती के लिए श्री रामशरन वर्मा, कला एवं संस्कृति के लिये सुश्री कुसुम वर्मा, शिक्षा के लिये डॉ0 तेजपाल सिंह, पर्यावरण के लिये डॉ0 संदीप बेहरा, महिला वर्ग के लिये श्रीमती अनुपमा सिंह, सार्वजनिक जीवन के लिये श्री रोशन लाल, कानून के क्षेत्र में अवकाश प्राप्त न्यायमूर्ति इम्तियाज मुर्तजा, जनसंचार के लिये श्री अशोक पाण्डेय, साहित्य के लिये तथा डॉ0 शारिब रूदौलवी को अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर लोकमत के संपादक श्री आन्नद वर्धन सिंह, प्रकाशक श्री अशोक माथुर तथा चौथी दुनिया के संपादक श्री संतोष भारतीय भी उपस्थित थे। समारोह में सुश्री अरूणिमा सिन्हा ने भी अपने जीवन एवं पर्वतारोहण के कुछ अनुभव साझा किये।

लोकमत सम्मान
2015
अरुणिमा सिन्हा

लोकमत सम्मान 2013
स्वामी राम भद्राचार्य
सिन्हा
प्रभात रंजन दीन
बैज नाथ सिंह
ईश्वर
सृष्टि
इंसान

लोकमत सम्मान 2014